प्रभात खबर

जमशेदपुर, शुक्रवार
20.06.2025 | 06

# 41 छात्रों का टीसीएस व विप्रो में किया गया चयन



**जमशेदपुर.** नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आइटी के बीसीए छठे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में शानदार प्रदर्शन किया है. प्रतिष्ठित आइटी कंपनियों टीसीएस और विप्रो के प्रतिनिधियों ने यूनिवर्सिटी कैंपस आकर चयन प्रक्रिया संपन्न करायी, जिसमें कुल 41 विद्यार्थियों का चयन किया गया. सभी चयनित छात्रों को सालाना 3.5 लाख रुपये के पैकेज पर नियुक्ति मिली है. टीसीएस में चयनित प्रमुख विद्यार्थियों में राशि तिवारी, किम शर्मा, शिवानी, अनुप्रिया रानी, मो. फजल, कुणाल सेन, कैफ खान, मोनिका पोद्दार, मीर आलमगीर, सिमरन कुमारी, श्रेयशी महान्ती, हर्ष दुबे, सैफ खान, हिमांशु पांडेय, पूजा साहू, लतीफुल रहमान, विकास यादव, निशा महतो और तालिया इकबाल शामिल हैं. विप्रो में चयनित विद्यार्थियों में मो. राशिद हैदर, निशांत कुमार, चेतन नायक, ताहा नसीम, राहुल मंडल, श्रुति मिश्रा और रीमा पोद्दार शामिल हैं. रजिस्ट्रार नागेंद्र कुमार और स्कूल ऑफ आइटी के डीन डॉ रंजन कुमार मिश्रा ने चयनित छात्रों को बधाई दी और इसे मेहनत, मार्गदर्शन और समर्पण का परिणाम बताया. विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को संस्थान की गुणवत्ता और छात्रों की दक्षता का प्रमाण बताया.